कार्यालय निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर

कार्यालय का पता–कार्यालय निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा, लालगढ़, बीकानेर
दूरभाषः–0151 2220140 ई–मेलः–ddrtebknr@gmail.com

क्रमांक–शिविरा / प्रारं / आरटीई / सी / 18878 / आरटीई दिशा निर्देश / 2023–24 / दिनांक–

जिला शिक्षा अधिकारी(मु.)
प्रारम्भिक / माध्यमिक शिक्षा
समस्त।

विषयः– शैक्षिक सत्र 2025–26 में एन्ट्री कक्षा / प्रथम कक्षा में प्रवेश हेतु आयु निर्धारण तिथि के संबंध में।

प्रसंगः– शासन का पत्र क्रमांक प.8(01)शिक्षा–5 / आरटीई / 2025(Rajkaj–26368) दिनांक 07.01.2024

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत एवं प्रासंगिक पत्र के संबंध में लेख है कि शैक्षिक सत्र 2025–26 से विद्यालयों में नवप्रवेश हेतु बालकों की आयु की गणना 31 जुलाई को आधार तिथि मानते हुए की जानी है। इस तिथि तक 06 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले बालक समस्त राजकीय एवं गैर सरकारी विद्यालयों में नव प्रवेश हेतु पात्र होगें।

इस क्रम में यह स्पष्ट किया जाता है कि आधार तिथि द्वारा आयु की गणना केवल नवप्रवेशी बालकों पर ही लागू होगी। पहले से ही बालवाटिका / बालवाडी / आंगनबाडी प्री–प्राइमरी आदि कक्षाओं में अध्ययनरत बालकों एवं टी.सी. के आधार पर प्रवेश के लिए आने वाले बालकों पर आयु गणना की उक्त तिथि प्रभावी नहीं होगी अर्थात पूर्व में अध्ययनरत बालकों के कक्षा–1 में होने वाले प्रवेश हेतु बाध्यता नहीं रहेगी।

(सीताराम जाट)
I.A.S
निदेशक
प्रारम्भिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

Document certified by SITA RAM JAT <CATOPIJ599@REGAPTS.COM>.
Digitally Signed by SITA RAM JAT
Designation : Director
Date :29-01-2025 07:07:02